प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

“Improvement in Police Behaviour”

दिनांक 11.06.2019 से 13.06.2019

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 11.06.2019 से 13.06.2019 तक **“Improvement in Police Behaviour”** विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अकादमी के निदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी, आई.पी.एस. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के निर्देशन में प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 29 प्रतिभागियों जिसमें 04 पुलिस निरीक्षक, 02 कम्पनी कमाण्डर, 21 उप निरीक्षक, 02 प्लाटून कमाण्डर ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 10:00–11:10 AM तक परिचय और पंजीकरण, पाठयक्रम प्रतिभागियों के रोल प्ले संबंधी चर्चा एवं टीम गठन बाबत ब्रीफिंग श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11:30-01:45 PM तक कोर्स निदेशक की उपस्थिति में प्रतिभागियों द्वारा सकारात्मक एवं नकारात्मक रोल प्ले किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र में श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए ने प्रतिभागियों द्वारा तैयार किये गये रोल प्ले की सकारात्मक एवं नकारात्मक भूमिकाओं का अवलोकन कर विश्लेषण करते हुए निष्कर्ष पर चर्चा की।

द्वितीय दिन **09:30-10:25 AM** तक **MS.** रानू शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस व्यवहार **: कारण व निवारण के उपाय** पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिन के द्वितीय सत्र में श्री एम.एम. अत्रे, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत) ने पुलिस व्यवहार और मानव अधिकार पर अपना व्याख्यान दिया एवं तृतीय सत्र में श्री कैलाश चंद्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए द्वारा पुलिस अधिकारी के लिए संचार

कौशल पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया गया। अन्तिम सत्र में डॉ. अशोक शर्मा, एसो0 प्रो0 राजस्थान विश्वविधालय, जयपुर ने पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग पर चर्चा की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिन के प्रथम सत्र में डॉ. नितिन सारस्वत, इंटरनेशलन ट्रेनर और काउंसलर - माइंड ट्रेनर ने जनता को बेहतर सेवाऐं कैसे प्रदान करें पर अपना व्याख्यान दिया एवं द्वितीय सत्र में प्रोफेसर श्री रमेश अरोडा ने पुलिस व्यवहार में सुधार के परिपेक्ष्य में प्रशंसा की कला और आलोचना के विज्ञान विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 13-06-2019 को **04:00 -04:45 PM** पर कॉन्फ्रेंस हॉल नं. 04 में आयोजित किया गया। श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए ने अपने उदबोधन में थाना स्तर पर भी पुलिस कर्मियों के सुधार में आवश्यकता पर बल दिया तथा कोर्स के प्रतिभागियों को अपने - अपने पदस्थापन के जिला व यूनिट में मास्टर ट्रेनर की हैसियत से कोर्स आयोजित करने के निर्देश दिए उसके पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कोर्स निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय

(प्रदीप यादव, उ.पु.अ.)
कोर्स डायरेक्टर
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर